श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 150, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 5 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो पर पलटा ट्रक, चार लोगों की मौत

## कई घायलों की हालत गंभीर

**यूपी के हाथरस जिले में सोमवार की देर रात बड़ा हादसा हो गया। राजस्थान के अलवर से सोरो गंगा स्नान के लिए जा रहे यात्रियों की बोलेरो गाड़ी पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हुई है जबकि कई लोग घायल हैं।**





**हाथरस, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सिकंदराराऊ-कासगंज रोड पर सोमवार की देर रात बड़ा हादसा हो गया। राजस्थान के अलवर से सोरो गंगा स्नान के लिए जा रहे यात्रियों की बोलेरों गाड़ी पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हुई है। चार लोग घायल हैं, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। इन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है। सभी लोग एक ही गांव के बताए गए हैं।

राजस्थान के अलवर जिले की रैणी तहसील क्षेत्र के गांव फतेहपुर टोडा के नौ श्रद्धालु बोलेरो से सोरो गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। रात करीब साढ़े दस बजे सिकंदराराऊ से दो किलोमीटर दूर कासगंज रोड पर गांव नगला जलाल के पास सामने आ रहा ट्रक बोलेरो पर पलट गया। ट्रक में सब्जियां भरी हुई थीं। तेज गति और अचानक ब्रेकर के कारण ट्रक अनियंत्रित होना बताया गया है।

हादसे के बाद वहां चीखपुकार मच गई। काफी देर बाद क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया और बोलेरो में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इनमें 43 वर्षीय रामनिवास मीणा, 30 वर्षीय कार चालक, 12 वर्षीय बच्ची और 40 वर्षीय अन्य व्यक्ति शामिल है। वहीं मीरा देवी, आनंद, शोहराब और पप्पू की हालत गंभीर है। पांच वर्षीय एक बच्चे को मामूली चोटें आई हैं। रामनिवास के जेब में रखे आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुई। अन्य लोगों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे के बाद दोनों ओर लगी वाहनों की कतार : सिकंदराराऊ में हादसे में अलवर निवासी श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चीख पुकार मच गई। हादसे की आवाज से पास में ही गांव के लोग बचाव कार्य में जुट गए। ट्रक के नीचे दबे लोगों को करीब पौन घंटे बाद क्रेन की मदद से बाहर निकाला जा सका। हादसे के बार मथुरा-बरेली राजमार्ग पर करीब राजमार्ग पर करीब दो घंटे से ज्यादा जाम लगा रहा। हादसा करीब 10 बजे हुआ। ट्रक में सब्जियों के बोरे भरे हुए थे। जैसे ही हादसा हुआ तो तेज आवाज सुनकर गांव के लोग घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। चालक और हेल्पर वहां से भाग गए। जिसने में मंजर देखा वह हैरान रह गया। हादसे में कई लोग मरने के कयास लगाने लगे। कुछ ही देर में पुलिस भी पहुंच गई। ग्रामीणों और पुलिस ने घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह बुरी तरह फंसे होने के कारण बाहर नहीं निकाले जा सके। पौन घंटे बाद क्रेन वहां पहुंची। क्रेन से ट्रक को हटाकर कार सवारों को बाहर निकालने का काम शुरू हुआ। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, अन्य चार लोग भी गंभीर रूप से घायल थे। चालक का सिर खिड़की में फंसा हुआ था उसे निकालने के लिए खिड़की और सीट बेल्ट को काटना पड़ा। उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। रामनिवास की जेब में रखे आई कार्ड के आधार पर शिनाख्त हो पाई। ट्रक में भरे सब्जियों के बोरे भी सड़क पर फैल गए वहीं ट्रक भी रोड पर ही पलटा था। इससे मथुरा-बरेली राजमार्ग बाधित हो गया। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। देर रात पुलिस ट्रैफिक को खुलवाने में जुटी हुई थी। छह एंबुलेंस संचालक घायलों को अस्पताल ले जाने में जुटे रहे। देर रात घायलों को अलीगढ़र रेफर कर दिया गया।

# गाजियाबाद के श्मशान घाट हादसे पर सीएम योगी आदित्यवाथ नाराज, बोले- अफसरों की ऐसी लापरवाही अक्षम्य

**गाजियाबाद में श्मशान घाट की छत गिरने की घटना पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपने आवास पर बैठक की। घटना से व्यथित और नाराज सीएम योगी अधिकारियों पर जमकर बरसे। कहा कि इस तरह की लापरवाही अक्षम्य है।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** कागजी रिपोर्ट में सब कुछ 'ओके' और 'ऑल इज वेल' बताने वाले शासन से जिलों तक में बैठे अधिकारियों के चेहरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने उजागर हो गए। गाजियाबाद के मुरादनगर की घटना से आहत और नाराज सीएम योगी ने अफसरों को जमकर लताड़ लगाते हुए कहा है कि यह घटना अफसरों की लापरवाही का परिणाम है। इसके साथ ही उन्होंने संकेत दे दिया है कि इस हादसे से संबंधित मंडल और जिले के आला अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

गाजियाबाद के मुरादनगर में श्मशान घाट की छत गिरने से 24 लोगों की मौत के मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपने आवास पर बैठक की। घटना से व्यथित और नाराज सीएम योगी अधिकारियों पर जमकर बरसे। कहा कि इस तरह की लापरवाही अक्षम्य है। ऐसे अपराध करने वाले अफसरों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर मंडलीय समीक्षा बैठक में अफसरों को साफ तौर पर यह निर्देश दिया गया था कि जिलों में हो रहे 50 लाख से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच टास्क फोर्स बनाकर करा ली जाए। इसके बावजूद यह रुख बना रहा। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश भर में जहां भी निर्माण कार्य हो रहे हैं या हो चुके हैं, उनकी गुणवत्ता की जांच कर अधिकारी रिपोर्ट भेजें। एक भी निर्माण की गुणवत्ता में कमी मिली तो इसकी पूरी जिम्मेदारी जिले के आला अधिकारियों की होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त लहजे में संदेश दिया है कि इस तरह की घटनाओं के लिए जिम्मेदार अफसरों के लिए शासन में कोई जगह नहीं है। इतना ही नहीं, उन्होंने श्मशान घाट के हादसे में संबंधित मंडल और जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका की जांच के संकेत भी दिए हैं।

# यूपी के सभी जिलों में आज एक साथ होगा कोरोना वैक्सीन का ड्राई रन

**यूपी में कोरोना वैक्सीन लगाने के पूर्वाभ्यास की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कोल्ड चेन बनाए रखने से लेकर उसे सेंटर तक पहुंचाने तक के पूरे इंतजाम किए जा चुके हैं।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कोरोना टीकाकरण की तैयारियों को परखने के बाद अब मंगलवार (पांच जनवरी) को सभी 75 जिलों में एक साथ कोरोना वैक्सीन लगाने का ड्राई रन किया जाएगा। प्रत्येक जिले में इसके लिए छह-छह सेंटर बनाए गए हैं। तीन सेंटर शहरी क्षेत्रों में और तीन सेंटर ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। वैक्सीन लगाने के लिए बनाई गई डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीमें इस पूर्वाभ्यास में हिस्सा लेंगी। टीका लगाने की प्रैक्टिस जिन स्वास्थ्य कर्मियों पर की जाएगी, उन्हें कोविड पोर्टल की मदद से मैसेज भेजे जा चुके हैं। किस सेंटर पर कब पहुंचना है, इसके लिए उन्हें मैसेज भेजा जा चुका है। प्रत्येक टीकाकरण केंद्र पर तीन कमरे बनाए गए हैं। टीकाकरण के पूर्वाभ्यास के लिए आमंत्रित किए गए लोगों का पहले कमरे में सत्यापन किया जाएगा। दूसरे कमरे में टीकाकरण की प्रैक्टिस के लिए उन्हें भेजा जाएगा। फिर तीसरे आब्जर्वेशन रूम में बैठाया जाएगा। लखनऊ में बीती दो जनवरी को पूर्वाभ्यास किया जा चुका है। अब सभी जिलों में एक साथ किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि कोरोना का टीका लगाने के पूर्वाभ्यास की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वैक्सीन की कोल्ड चेन बनाए रखने से लेकर उसे सेंटर तक पहुंचाने तक के पूरे इंतजाम किए जा चुके हैं। कोरोना के टीके का सुरक्षित ढंग से स्टोरेज करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस पूर्वाभ्यास में देखा जाएगा कि टीकाकरण के लिए जो तैयारियां की गई हैं, वह पुख्ता हैं या नहीं। अगर कहीं गड़बड़ी है तो उसे पहले ही ठीक किया जाएगा।

प्रदेश में कोरोना वैक्सीन सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों को लगाई जाएगी। प्रदेश में आठ लाख स्वास्थ्यकर्मियों का पंजीकरण किया गया है। दूसरे नंबर पर फ्रंटलाइन वर्करों और 50 साल से अधिक आयु के लोगों को कोरोना का टीका लगाया जाएगा। इसके बाद 50 साल से कम आयु के उन लोगों को टीका लगाया जाएगा, जो किसी अन्य गंभीर रोग से पीड़ित हैं।

# बेनतीजा रही सातवें दौर की वार्ता, किसान अपनी मांग पर अड़े

**सोमवार की वार्ता के बाद कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार और किसान नेताओं के बीच किसी समाधान पर पहुंचने की उत्सुकता है ताकि आंदोलन खत्म हो सके। आंदोलन खत्म करने के लिए सब सकारात्मक हल चाहते हैं।**



**सुरेंद्र प्रसाद सिंह, नई दिल्ली।** कृषि कानूनों को रद करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की गारंटी को लेकर सरकार और किसान संगठनों के बीच सोमवार की वार्ता भी बेनतीजा रही। किसान संगठनों के अड़ियल रुख के चलते कोई हल नहीं निकल पाया। सातवें दौर की इस वार्ता में किसान नेता कानूनों को रद करने की मांग पर अड़े रहे। वे इससे कम अथवा और किसी तौर-तरीके को मानने को राजी नहीं। हालांकि दोनों पक्ष फिर वार्ता के लिए राजी हो गए हैं। आठ जनवरी को विज्ञान भवन में दोपहर दो बजे के बाद आठवें दौर की वार्ता होगी।

सोमवार की वार्ता के बाद कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार और किसान नेताओं के बीच किसी समाधान पर पहुंचने की उत्सुकता है ताकि आंदोलन खत्म हो सके। आंदोलन खत्म करने के लिए सब सकारात्मक हल चाहते हैं। हालांकि सोमवार को वार्ता शुरू होने से पहले की रोड़ा अटकाने वाले तत्वों का असर दिख रहा था। जहां सरकार कानून सम्मत प्रावधानों पर एक-कर चर्चा करना चाह रही थी, वहीं किसान संगठनों ने इससे साफ मना कर दिया। बाधा पैदा करने वालों ने बातचीत समाप्त होने से पहले ही विज्ञान भवन से बाहर लिखित बयान जारी कर अपनी मंशा जाहिर कर दी थी। 30 दिसंबर को हुई वार्ता से सकारात्मक संकेत मिले थे। उस दौरान किसान संगठनों की दो प्रमुख मांगों पर सहमति बनी थी। लेकिन वार्ता में रोड़े अटकाने वालों ने सोमवार की वार्ता से पहले ही किसान संगठनों को जमकर भड़काया और आंदोलन को तेज करने की रणनीति की घोषणा कर डाली। इसके बाद से ही वार्ता के पटरी से उतरने की आशंका बढ़ गई थी। किसान नेताओं ने कहा कि उनकी मांगें माने जाने तक आंदोलन जारी रहेगा। पहले से घोषित रणनीति पर आगे बढ़ेंगे। किसान नेता किसी भी तरह पीछे नहीं हटेंगे।

वार्ता को लेकर कृषि मंत्री तोमर ने बताया कि पिछली बार से बात आगे बढ़ी है। थोड़ी बहुत एमएसपी पर भी चर्चा हुई। लेकिन हम किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सके। अगली वार्ता में दोनों पक्षों को अपनी-अपनी तैयारियों के साथ हिस्सा लेने को कहा गया है। नए कृषि कानूनों को रद करने और एमएसपी की लीगल गारंटी के दो सबसे विवादित मुद्दों पर सातवें दौर की वार्ता में चर्चा होनी थी। लेकिन वार्ता के पहले मुद्दे पर ही चर्चा शुरू हुई और बिना किसी ठोस बातचीत के समाप्त हो गई।

कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने कानून बनाते समय देश के किसानों के समग्र हितों को ध्यान में रखा है। चर्चा के विभिन्न कानूनी पहलुओं और करोड़ों किसानों के हितों का ध्यान रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसलिए पूरे देश को ध्यान में रखकर कोई निर्णय किया जाएगा। तोमर ने कहा, 'किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृषि सुधार कानूनों से संबंधित मुद्दों पर अन्य राज्यों के किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से भी बात की जाएगी। कानूनों के एतराज वाले प्रावधानों पर बिंदुवार चर्चा करके यथासंभव संशोधन करने के लिए राजी हैं।' वार्ता के दौरान देश के अन्य किसान संगठनों से बातचीत का सरकार का प्रस्ताव आंदोलनकारी किसान नेताओं को रास नहीं आया है।

# बेनामी संपत्ति मामले में वाड्रा से नौ घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने बेनामी संपत्ति मामले में सोमवार को रॉबर्ट वाड्रा से नौ घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की। हालांकि, वाड्रा ने पूछताछ को बदले की राजनीति बताया और कहा कि सरकार किसानों के आंदोलन से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। आयकर विभाग के अधिकारियों की एक टीम सोमवार सुबह वाड्रा के सुखदेव विहार स्थित आवासीय परिसर पर पहुंची। इससे पहले दिन में आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया था कि अधिकारियों की एक टीम बेनामी संपत्ति मामले में वाड्रा का बयान दर्ज करने के लिए उनके आवास पर पहुंची है। आयकर अधिकारी शाम छह बजे तक वहां रहे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वाड्रा को आयकर विभाग का कार्यालय पहुंचकर जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था। लेकिन, उन्होंने कोविड-19 से संबंधित दिशा-निदेशों का हवाला दिया। इसके बाद आयकर अधिकारियों का दल उनके आवास पर पहुंचा। सूत्रों ने बताया कि ब्रिटेन में अघोषित संपत्ति रखने के आरोप में वाड्रा आयकर विभाग की जांच के दायरे में हैं। प्रवर्तन निदेशालय भी मनी लॉन्ड्रिंग निषेध कानून के तहत वाड्रा के खिलाफ आरोपों की जांच कर रहा है। हालांकि, पेशे से कारोबारी वाड्रा ने कुछ भी गलत करने से इन्कार किया है। अपने घर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा पूछे गए सभी सवालों का जवाब दिया। अधिकारियों ने मुझसे मेरे कारोबार और कामकाज के बारे में पूछताछ की। उन्होंने कहा कि मैंने कोई कर चोरी नहीं की है और मुझसे जो भी पूछा गया, मैंने उसके जवाब दिए।

# दिल्ली-एनसीआर में गरज के साथ बारिश, मौसम विभाग ने इन राज्यों के लिए जारी किया अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर भारत में जारी शीतलहर के बीच देश के अधिकतर भागों में हल्की बारिश और बर्फबारी हुई। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश होने की आशंका जताई है। इसके साथ ही उत्तर भारत में पांच जनवरी तक भारी बारिश जारी रहने का अनुमान है। वहीं दिल्ली एनसीआर में सोमवार को भी एक बार फिर गरज के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने 5 जनवरी तक बारिश और फिर उसके बाद शीतलहर की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग ने बताया कि बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल के हिस्सों और ओडिशा में कुछ स्थानों पर शीत लहर चलने की संभावना है। राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में रविवार को करीब 5 घंटे तक बारिश हुई। जिसके चलते के कई हिस्सों में सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा और आसमान में बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान बढ़कर 11.4 डिग्री सेल्सियस हो गया। मौसम विभाग ने बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट विभाग ने जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक 7 जनवरी के बाद दिल्ली के तापमान में गिरावट आने के साथ ठंड बढ़ेगी। पूरी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ इलाकों में आज यानी 4 जनवरी को मध्यम से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ऐसे मौसम से अभी राहत की उम्मीद नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दिल्ली के उत्तर पश्चिम इलाके, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, नोएडा समेत हरियाणा के कुछ भागों में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है।

ताजा जानकारी के अनुसार मौसम विभाग ने अगले दो घंटे के दौरान पश्चिम, उत्तर-पश्चिम और उत्तरी दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होने की संभावना जताई है।

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सोमवार की सुबह सर्द रही। राजधानी लखनऊ सहित कई जगह घना कोहरा छाया रहा। बूंदाबांदी भी हुई। इससे ठंड का प्रकोप बढ़ गया। देर शाम फिर ज्यादातर क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। इससे सिहरन और बढ़ गई। मौसम विभाग ने लखनऊ समेत प्रदेश में मंगलवार को गरज चमक के साथ छिटपुट बारिश होने की संभावना जताई है। इससे ठंड में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। सोमवार को प्रदेश में बांदा और फतेहगढ़ सबसे ठंडे रहे। बांदा में न्यूनतम तापमान छह डिग्री व फतेहगढ़ में 6.6 डिग्री रहा। अन्य जिलों में तापमान सामान्य रहा। कई जगह दिन भर बादल छाए रहे। सर्द हवा भी चलती रही।

# बर्ड फ्लू की चपेट में कई राज्य

## यहां मुर्गे व अंडों की बिक्री पर लगा दिया गया प्रतिबंध

**जागरण टीम, नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के बीच मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के साथ ही केरल भी बर्ड फ्लू की चपेट में आ गया है। उक्त राज्यों में पिछले कुछ दिनों में ही सैकड़ों पक्षियों की मौत हो गई है। यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। राज्य सरकारों ने अलर्ट जारी करने के साथ ही स्थिति पर काबू पाने के लिए सक्रियता बढ़ा दी है। उधर, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में राज्य सरकारों ने सतर्कता बरतते हुए अलर्ट जारी किया है। बताया जाता है कि एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस से होने वाली इस बीमारी से पक्षी ही नहीं, मनुष्य भी प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में सावधानी बरतते हुए हिमाचल प्रदेश में मछली, मुर्गे व अंडों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में अंतरराष्ट्रीय रामसर वेटलैंड पौंग बांध में विदेशी परिंदों की मौत बर्ड फ्लू से हुई है। भोपाल स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान ने विदेशी परिंदों की एच5एन1 फ्लू से मौत की पुष्टि की है। इसे एवियन इन्फ्लुएंजा भी कहा जाता है। इससे पहले जालंधर और पालमपुर के कृषि विश्वविद्यालय में हुई जांच में वायरल की पुष्टि तो हुई थी, लेकिन फ्लू के प्रकार का पता नहीं चल पाया था। पौंग झील में अब तक 15 प्रजातियों के 1700 से अधिक विदेशी परिंदे दम तोड़ चुके हैं। ऐसे में प्रशासन ने पर्यटन गतिविधियों को बंद कर दिया है। वहीं, जांच के लिए वाइलड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया, देहरादून से तीन सदस्यीय टीम भी पौंग डैम पहुंच गई है। राजस्थान में बर्ड फ्लू के चलते कौओं की मौत का सिलसिला जारी है। सोमवार को भी प्रदेश में 110 पक्षियों की मौत हुई है। प्रदेश में अब तक 500 से अधिक कौओं की मौत हो चुकी है। इससे चिंतित राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य सरकार के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया से बर्ड फ्लू पर नियंत्रण को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी मांगी है। मध्य प्रदेश में बर्ड फ्लू के मामलों की शुरूआत इंदौर शहर से हुई थी। यहां पिछले एक सप्ताह में डेली कालेज परिसर में 148 कौओं की मौत हो चुकी है। इसमें से दो कौओं के शव के सैंपल भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी लैब में भेजे गए थे। उनमें बर्ड फ्लू के वायरस की पुष्टि हुई थी। इंदौर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेली कालेज परिसर के एक किमी के दायरे में रहने वाले लोगों की स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्यकर्मियों की टीम भेजी गई और वहां जिन लोगों में सर्दी, खांसी व बुखार के लक्षण मिले हैं, उनका कोरोना टेस्ट करवाया गया। इसके अलावा मंदसौर जिले में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है।



# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### कोरांव में एनीमिया मुक्ति मुहिम का आयोजन

**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव में स्थित सुकृत अस्पताल में एलकेम दवा कम्पनी द्वारा एनीमिया मुक्ति हेतु एक मुहिम चलाई। उक्त शिविर में डॉ0 आर0के0 कुशवाहा सर्जन ने निःशुल्क रूप से मरीजों की खून जांच और दवाएं मैनेटरी पैड, साबुन, मास्क, आदि का वितरण किया। शिविर में अस्पताल के डॉ0 सोनी कुशवाहा प्रशुति व महिला रोग विशेषज्ञ, उमाशंकर सिंह, पैथोलॉजी के प्रेम चन्द्र व दवा प्रबंधक शशि मिश्रा, संयोजक मो0 कलाम, चक्रवर्ती शर्मा, दवा प्रतिनिधि संकेत मिश्रा आदि ने हिस्सा लिया।

### नाबालिग छात्रा के अपहरण का वांछित के घर कुर्की

**करछना।** थाना क्षेत्र के तरौल गांव के अमवा का पूरा निवासी संतोष राव पुत्र राजीव राव जो ढ़ेड वर्ष से फरार चल रहा है वांछित के खिलाफ थाना करछना में नाबालिग के अपहरण सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस उसकी तलाश में काफी दिनों से लगी है और हरसंभव जगह पर दबिश देने के बावजूद वह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा है लेकिन आज तक वह पुलिस की गिरफ्त से दूर है। न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्यवाही की गई है।

### निमंत्रण में आए युवक की बाइक चोरी

**मऊआइमा।** बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अजीज निवासी राम अचल अपनी बाइक से मऊआइमा के ग्राम अलीवृसिंहपुर में बाइक से निमंत्रण में आए थे। बताया गया है कि वह बाइक खड़ी करके निमंत्रण में चले गए। जब वापस लौटे तो बाइक नदारद थी सघन तलाशने के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो राम अचल ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी । पुलिस तहरीर लेकर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### भाजपा जंघई मंडल की बैठक कल

**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी जंघई मंडल के समस्त सेक्टर संयोजकों व मंडल के सभी पदाधिकारीगणों व पूर्व एवं वर्तमान वरिष्ठ कार्यकर्ता बंधुओं की अति आवश्यक बैठक सरायममरेज इंटर कालेज परिसर में 6 जनवरी को ढाई बजे आयोजित है। यह जानकारी संदीप गुप्ता ऊर्फ तोगड़िया मंडल अध्यक्ष जंघई गंगापार ने दिया है।

## आयुर्वेद/होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

**मा0 मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित आयुष विभाग के नवचयनित 1065 आयुर्वेद/ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का एनआईसी में हुआ सजीव प्रसारण**



नियुक्ति पत्र वितरित करतीं सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित आयुष विभाग के नवचयनित 1065 आयुर्वेद/ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं 142 योग वेलनेस सेंटर्स का उद्घाटन तथा उत्तर प्रदेश आयुष टेलीमेडिसिन का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का एनआईसी प्रयागराज में वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी-आशीष कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदीक एवं युनानी अधिकारी-डॉ0 शारदा प्रसाद, जिला होम्योपैथिक अधिकारी-डॉ0 संजीव वर्मा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे। सफल छात्र/छात्राओं को नियुक्ति पत्र के वितरण के पश्चात अपने सम्बोधन में मा0 मुख्यमंत्री जी ने सफल छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि गत 25 वर्षों में यह सबसे बडी नियुक्तियां है। उन्होने सभी से पूरी मेहनत व ईमानदारी से कार्य करने के साथ ही कार्यों को मिशन मोड में लेकर करने को कहा है। मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि भारतीय ऋषि परंपरा में पीपल व बरगद को देवतुल्य माना गया है। उन्होने कहा कि आयुर्वेद में काढे को प्राचीन समय से ही उपयोगी माना गया है। उन्होने कहा कि कोई घर ऐसा नहीं जहां हल्दी, हींग व अदरक का उपयोग न होता हो। आज पूरे विश्व ने इसकी उपयोगिता देखी है व इसकी मांग पूरी दुनिया में हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल खंड में भारत की परम्परागत चिकित्सा पद्धति के उपयोग को दुनिया ने माना है और आयुर्वेद की मांग हर स्तर पर हो रही है। मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होने अपने प्रधानमंत्री काल में आयुष मंत्रालय का गठन किया। उन्होने कहा कि देश का पहला सर्जन आयुर्वेद से ही था। आयुर्वेद परंपरागत चिकित्सा पद्धति रही है तथा आयुर्वेद काढ़े का उपयोग आयुर्वेद की पद्धति में हजारो सालो से उपयोग में किया जा रहा है।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आयुर्वेद, योग व नेचुरोपैथी में अपार संभावनाएं है। उन्होने कहा कि होम्योपैथिक विद्या भी प्लांट पर आधारित है। उन्होने नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि केन्द्र व राज्य ने उन पर भरोसा किया है। आप लोगों को कार्यों को मिशन मोड में लेकर करना चाहिए। उन्होने कहा कि आयुर्वेद व योग के साथ जुडना बडा पवित्र कार्य है। उन्होने कहा कि आपके आसपास औषधियों को भंडार छुपा है उसको पहचानने व उसको उपयोग सही तरीके से करने की आवश्यकता है।

जनपद में मा0 सांसद फूलपुर ने नवचयनित 8 चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जिसमें डॉ0 भावना दत्त-आयुर्वेदीक चिकित्सालय अतरौरा, डॉ0 सुमन मिश्रा आयुर्वेदीक चिकित्सालय बरौत, डॉ0 नंदना तिवारी-कोंणहार, डॉ0 अनुश्री तित्राठी-मानपुर, डॉ0 राजतिलक तिवारी-भारतगंज, डॉ0 अजय प्रताप-सरायममरेज, डॉ0 अशोक कुमार सरोज-जसरा एवं डॉ0 अनिल कुमार है।

## आरोपियों को नही पकड़ रही पुलिस, एसएसपी से शिकायत

**मृतका के पिता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है**

**करछना।** थाना क्षेत्र के सेमरी बनपुरवा गांव मे घरेलू विवाद मे महिला की मौत के मामले मे करछना पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन आज तक पुलिस कार्यवाही के नाम पर कुछ नही किया। आजिज आकर मृतका के पिता ने वरिष्ट पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग की है। थाना क्षेत्र के सोनाई गांव के राम सुमेर पटेल अपनी बेटी मंजू की शादी 12 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के ही गांव बनपुरवा निवासी जयप्रकाश पटेल के साथ किया था शादी के कुछ वर्ष तक सब ठीक ठाक चल रहा था उसके बाद मृतका के ससुराल वालो द्वारा दहेज को लेकर कई बार प्रताड़ित किया गया था और एकबार बिजली का करंट देकर उसे मारने का प्रयास भी किया गया था। बीते 19 दिसम्बर की सुबह मृतका का पति बाहर गया था और घर पर मौजूद नही था उसी बीच मृतका मंजू के देवर सत्य प्रकाश पटेल, रामबाबू पटेल पुत्रगण शिवमूरत इनकी पत्नियां आशा देवी व संजू देवी मिलकर पहले कमरे में उसकी पिटाई कर रस्सी से गला घोंटकर फांसी पर लटका दिया। जिससे उसकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा देवर, देवरानी और चाचिया ससुर के खिलाफ कई दिन बाद दर्ज कर लिया लेकिन आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और मृतका के पिता पर सुलह समझौते का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत करते हुए आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी

**घूरपुर।** इलाके के एक गांव में किशोरी के साथ दो दिन पूर्व हुए दुष्कर्म मामले के आरोपी को सोमवार के दिन घूरपुर पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित पॉक्सो की धारा में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया ।

घूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पूर्व एक किशोरी के साथ जबरन एक युवक ने दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ घूरपुर थाने में मामले की लिखित शिकायत दी थी। जिसमे पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। सोमवार के दिन घूरपुर एसओ भुवनेश कुमार चौबे ने आरोपी शशिकांत पटेल उर्फ बोले पुत्र कमलेश पटेल निवासी चिल्ली थाना घूरपुर को बोंगी नहर पुलिया के पास से पकड़ लिया और जेल भेज दिया।

### अस्पताल महिला कर्मी से छेड़खानी, मारपीट व लूट

**घूरपुर।** शहर के एक अस्पताल से काम कर अपने पति के साथ लौट रही एक महिला ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट के साथ लूट की शिकायत घूरपुर पुलिस से की है। पुलिस ने जांच के बाद मामले को आधारहीन बताया और मारपीट होने की बात बताई है। घूरपुर के पंवरी गांव की एक महिला शहर के एक अस्पताल में काम करती है। महिला का आरोप है कि वह रविवार की रात गौहनिया चौराहे से अपने पति के साथ घर जा रही थी तभी नाले के पास बैठे दो लोगों ने उसे और उसके पति को रोक लिया और पति के साथ मारपीट करने लगे। महिला जब अपने पति को बचाने का प्रयास करने लगी तो आरोपी उसके साथ छेड़खानी करने लगे और गले से सोने का लॉकेट छीन कर भाग निकले। उधर घटना की जानकारी लेने पर एसओ घूरपुर भुवनेश कुमार चौबे ने बताया कि मामला दो दिन पूर्व पुवाल जलाने को लेकर हुए विवाद से जुड़ा है, जांच कराया गया तो पता चला कि शराब के नशे में दोनो पक्षों से मारपीट हुई थी । बांकी के आरोप बेबुनियाद हैं।

## माफिया अतीक के एक और करीबी का मकान ध्वस्त



असलम मंत्री के मकान को ढहाता पीडीए का जेसीबी

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार के माफिया के खिलाफ सख्त रुख के बाद से ही प्रयागराज में कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। इस क्रम में सोमवार को माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद के करीबी असलम मंत्री का नंबर आया। दोपहर में प्रयागराज विकास प्राधिकरण की जेसीबी असलम मंत्री के धूमनगंज में कसारी मसारी रोड स्थित आलीशन मकान पर पहुंची । लेकिन मामले की कोर्ट में सुनवाई के चलते कार्रवाई के लिए इंतजार किया गया। लेकिन शाम चार से जेसीबी से मकान ढहाई की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस दौरान भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रही। अहमदाबाद जेल में बंद पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद का करीबी असलम उर्फ मंत्री धूमनगंज में कसारी मसारी रोड का रहने वाले है। पीडीए अफसरों के मुताबिक आलीशान मकान को अवैध तरीके से बनाया गया है। मकान का नक्शा प्रयागराज विकास प्राधिकरण से नहीं पास कराया गया है। इसके चलते बुधवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम जेसीबी और भारी पुलिस बल के साथ असलम उर्फ मंत्री के धूमनगंज थाना क्षेत्र के कसारी मसारी रोड स्थित मकान को गिराने पीडीए की टीम पहुंची है। लेकिन, मामले में कोर्ट में सुनवाई होने के कारण कार्रवाई के लिए इंतजार किया गया। शाम लगभग चार बजे से पीडीए की जेसीबी असलम के मकान को ढहाने में जुट गई। खबर लिखे जाने तक मकान को तोड़ने की कार्रवाई जारी है।

### ट्रक की चपेट में आया युवक गंभीर

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा टैम्पो स्टैंड के पास एक युवक बाइक से बाजार आ रहा था। टैम्पो स्टैंड के पास अप्पे की टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया। पीछे से आ रही ट्रक की चपेट में युवक के आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों ने तत्काल चौकी इंचार्ज गौहनिया को सूचना दिया। सूचना पाते ही चौकी इंचार्ज गौहनिया एस०पी० सिंह मय हमराहियों के घटना स्थल पर पहुंच कर घायल संदीप भारतीया 26 वर्ष पुत्र सूरज लाल भारतीया निवासी छिड़िया थाना बारा को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा ले गये। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे एस आर एन प्रयागराज के लिए भेज दिया है। वाहन को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है।

## पिता की पुण्यतिथि पर ट्रस्ट के चेयरमैन ने छात्र-छात्राओं को वितरण किया ड्रेस

**जरूरतमंदों की मदद से बढ़कर कोई धर्म व कोई पुण्य नहीं-चन्द भूषण मौर्य**

**उत्तरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में पूर्व विधायक स्वर्गीय जंग बहादुर पटेल की 24 वी पुण्यतिथि पर सोमवार को सरदार पटेल बालिका शिक्षण संस्थान जंग बहादुर सिंह पटेल डिग्री कॉलेज व सरदार पटेल इंटर कालेज के छात्र छात्राओं को सरदार पटेल एंड जेबी सिंह पटेल मेमोरियल ट्रस्ट के चेयरमैन व उनके बेटे प्रमोद कुमार सिंह पटेल उर्फ हबीब भाई द्वारा लगभग 500 छात्र छात्राओं को ड्रेस व जरूरतमन्दों विधवा महिलाओं को साल वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उतरांव थाना अध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य रहे। मुख्य अतिथि का चेयरमैन ने अच्छी कार्यशैली को देख थानाध्यक्ष को अंग वस्त्र व फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए साथ में उतरांव थाने के एसआई लल्लन यादव, एसआई सुरेंद्र प्रताप सिंह, सिपाही आनंद प्रहलाद व 5 महिला सिपाहियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष चंद्र मौर्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि जरूरतमंदों की मदद से बढ़कर कोई धर्म व कोई पुण्य नहीं। ऐसे कार्यों में सक्षम व्यक्ति को आगे आने की जरूरत है। लोगों को गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना चाहिए। कार्यक्रम आयोजक ममता सिंह पटेल ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश यादव ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अश्वनी यादव, सनी एडवोकेट, लल्लन डायरी, राहुल मिश्रा, राकेश मिश्रा एडवोकेट, बच्चा पटेल, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार, अजय कुमार, अरविंद वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## ब्लाक प्रमुख ने ग्राम सचिवालय का किया उद्घाटन

**मुख्य अतिथि ने महिला ग्राम प्रधान के कार्यों को सराहा**



फीता काटकर ग्राम सचिवालय का उद्घाटन करते ब्लाक प्रमुख

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के जगतपुर पहाड़पुर में बनी ग्राम सचिवालय का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख अरुणेंद्र उर्फ डब्बू यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बहादुरपुर ब्लाक के ग्राम प्रधानों को महिला ग्राम प्रधान शोभा यादव से सीख लेने की जरूरत है। गांव में विकास कार्यों को कैसे किया जाए और गांव में विकास की गंगा बहे। उन्होंने कहा कि उत्तम विकास के लिए महिला ग्राम प्रधान ब्लॉक की एक मिसाल है। जिनके द्वारा पहाड़पुर गांव में विकास कर चर्चित बनी हुई हैं। मुख्य अतिथि ने महिला ग्राम प्रधान की जमकर तारीफ करते हुए प्रधान पति सतीश कुमार उर्फ बाबू लाल का पीठ थपथपाई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश यादव ने किया। कार्यक्रम आयोजक द्वारा आए हुए अतिथियों के लिए बाटी चोखा, हांडी दाल, चावल आदि भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने बड़े ही चाव से भोजन को ग्रहण किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव, रेनू श्रीवास्तव, सपा जिला सचिव राम सुमेर पाल, पूर्व सांसद फूलपुर नागेंद्र सिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष पंधारी यादव, रामचंद्र, मानसिंह, ब्रह्मदत्त, संदीप, सत्यपाल, भल्लू, नीरज मास्टर, दिनेश, कुलदीप, रामकृपाल, राम सजीवन, रामसेवक, मान सिंह, रोहित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## दबंगों द्वारा निर्माण पिलर गिरा कर किया छप्पर में आगजनी

**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र के मुगरांव गांव में गांव के ही दबंगों द्वारा घर में निर्माण चल रहे पिलर को धराशाई कर दिया। तथा रात 17/12/2020 को छप्पर में आग लगा दी। आग लगने से छप्पर में रखें गृहस्थी सामान समेत अनाज तथा पशु के लिए रखे भूसा चारा समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के अनुसार बताया जाता है कि लगभग 7 हजार का नुकसान आगजनी में हुआ। वही सूचना पर मौके पर 112 तथा फायर ब्रिगेड भी पहुंच कर आग बुझाई। दबंगों द्वारा लगातार पीड़ित को गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित अमर बहादुर पुत्र राम प्रताप यादव निवासी मुंगराव ने क्षेत्राधिकारी हंड़िया को दबंगों के खिलाफ लिखित नामजद प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



चौकीदारों को संबोधित करते एसओ घूरपुर

## चौकीदार सुरक्षा व शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस प्रशासन के लिए पहली सीढ़ी : एसओ

**घूरपुर।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर घूरपुर थाने में सोमवार के दिन इलाके के गांवों के चौकीदारों को जागरुक किया गया। घूरपुर थाने में सोमवार के दिन एसओ घूरपुर भुवनेश कुमार चौबे ने जिले के आलाधिकारियों के निर्देश पर आने वाले त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर इलाके के चौकीदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में पंचायत चुनाव की आहट हो गई जिसे लेकर गांव में तमाम भ्रामक सूचनाएं आएंगी। जिसकी सूचना चौकीदारों को थाने तक पहुंचानी है। साथ ही चौकीदारों में ऊर्जा भरते हुए एसओ ने कहा कि चौकीदार सुरक्षा व शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस प्रशासन के लिए पहली सीढ़ी है । इस बीच कहा कि गांव में कहीं भी कोई अप्रिय घटना की संभावना हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को सूचित करें जिससे समय रहते घटना कारित होने से पहले शांति व्यवस्था बनाई जा सके।

### रंगकर्मी के निधन पर साथी कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि

**नैनी।** प्रयागराज कलाकार एसोसिएशन ट्रस्ट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार स्वर्गीय रवि महाकाल और स्वर्गीय गंगोत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि देने हेतु एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रयागराज के सभी विधा के कलाकारों, साउंड, दरबार से संबंधित लोगों ने दोनों कलाकारों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ज्ञान शाक्य ने दिवंगत कलाकारों के परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए कलाकारों से आर्थिक सहयोग की आग्रह किया। साथ ही दिवंगत कलाकारों की आत्मा की शांति के लिए आगामी 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन एक विशाल भंडारे का आयोजन करने का प्रस्ताव रखा। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनीष कुमार ने इस अवसर पर प्रयागराज के समस्त कलाकारों को एकजुट होकर के आने वाली हर मुसीबत से लड़ने का आवाहन किया। स्वर्गीय रवि महाकाल की अलौकिक प्रतिभा पर भी चर्चा की गई। इस दौरान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी, मंत्री राज अग्रहरी, साहित्य एवं प्रकाशन मंत्री वैभव मिश्रा, आशुतोष आदि रहे।

## किसानों, छात्रों, मजदूरों के हित में काम करे सरकार : जन अधिकार पार्टी



उपजिलाधिकारी कोरांव को ज्ञापन सौंपते पार्टी के कार्यकर्ता

**खीरी।** प्रत्येक सोमवार की तरह जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भागीदारी संकल्प मोर्चा के तत्वाधान में कोरांव उप जिलाधिकारी को बाबू सिंह कुशवाहा, जन अधिकार पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देशों में आज 29सवां ज्ञापन दिया गया। जिसमें जनमानस में हो रही जनसमस्याओं को रोकने से संबंधित 14 सूत्रीय ज्ञापन दिया। जिसमें मुख्य रूप से बेरोजगारों को रोजगार देना, डीजल- पेट्रोल की बढ़ी हुई कीमत को कम करना, आवारा पशुओं से किसानों के फसलों की सुरक्षा करना, लाक डाऊन से सम्बन्धित समस्याओं को रोकना प्रमुख रहा। यह ज्ञापन पूरे कोरोना काल में प्रत्येक सोमवार को दिया जाता रहा। उक्त ज्ञापन जन अधिकार पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अनुज कुमार की अगुवाई में संभावित जिला पंचायत सदस्य अजय कुशवाहा द्वारा कोरांव उप जिलाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष ओंकार नाथ, विधान सभा अध्यक्ष पप्पू पाल, डॉ महेश कुशवाहा प्रभारी विधानसभा कोरांव, कपिल कुशवाहा आदि रहे।

## चोरों के बढ़ते दुस्साहस से व्यपारियों में भय

**उरुवा।** मेजा रोड चौकी के अन्तर्गत बेखौफ चोरों ने एक ही रात में तीन मोबाइल शॉप को बनाया निशाना परन्तु उन्हें सफलता नही मिली। बीती रात बेखौफ चोरों ने एक ही दिन में तीन दुकानों में विनोद टेलीकॉम, माँ शारदा टेलीकॉम व सुनील टेलीकॉम अपना निशाना बनाया। लेकिन सफलता नही मिली। विनोद टेलिकॉम में लगे शतर को काटा गया, माँ शारदा टेलिकॉम में पीछे से सेंधमारी की गयी, सुनील टेलिकॉम में पीछे लगे दरावाजे को तोड़ा गया परन्तु चोरों को कहीं सफलता नही मिली। चोरों के इस दुस्साहस से व्यापारियों में भय ब्याप्त है। वहीं मेजा रोड पुलिस चौकी की सरदर्दी बड़ा दी है। ज्ञात हो की बीते दिनों मेजा रोड में मिर्जापुर रोड पर एक ही रात ९ दुकानों के ताले काटे गये थे।

## हमेशा याद आएगा सेवानिवृत्त राम सेवक का विनम्र व्यवहार : भारत सिंह



सेवानिवृत्त रामसेवक की भीवभीनी विदाई करते हुए

**शंकरगढ़।** सेवानिवृत्त हो चुके ग्राम पंचायत अधिकारी का ब्लाक मुख्यालय शंकरगढ़ में सोमवार को जोरदार स्वागत करते विदाई/ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के चीफ गेस्ट ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ भारत सिंह ने रामसेवक के कार्यकाल को याद किया। क्षेत्र पंचायत प्रमुख ने सेवानिवृत्त रामसेवक की कार्यशैली और कार्यकुशलता की तारीफ की, कहा कि रामसेवक की कार्यशैल, मृदु व्यवहार और कार्यो में पारदर्शिता सभी कर्मचारियों के लिए एक नजीर है। ग्राम पंचायत अधिकारी रामसेवक जी एक ईमानदार व कर्मठ सील कर्मचारी थे। इन्होंने सारे कार्यों को बड़े ही सरलता के साथ पूर्ण किया है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि रामसेवक जी जहां भी रहे सुख पूर्वक रहे व समाज की सेवा में हमेशा लगे रहे। खंड विकास अधिकारी देवेंद्र ओझा ने कहा कि शंकरगढ़ में अपने सेवाकाल में जब तक इनके साथ था इनसे मुझे किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिली। उन्होंने कहा प्रयागराज जनपद में जब पहला कोरोना पॉजिटिव केस शंकरगढ़ के कपारी गांव में आया तो उस समय पूरे क्षेत्र में कोरोना वायरस के नाम पर दहशत फैल गई थी। तब मुझसे तत्कालीन उप जिला अधिकारी बारा आईएएस संदीप भागिया ने कहा था की कपारी गांव की व्यवस्था किसके हवाले हैं।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### नवाबगंज पुलिस व क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ में अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवाबगंज।** एसपी गंगापार आईपीएस धवल जयसवाल के कुशल निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नवाबगंज पुलिस व क्राइम ब्रान्च गंगापार की संयुक्त टीम द्वारा श्रृंगवेरपुर चौकी क्षेत्र में पुलिस चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को देखकर पुलिस ने जब रुकने का इशारा किया, तो वह पुलिस टीम पर फायर करता भागने लगा। जवाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ में अभियुक्त रईसुद्दीन को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 अवैध असलहा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस व मो0सा0 बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वालों में थाना प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज सुरेश सिंह, चौकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर एस आई अजय सिंह, प्रभारी क्राइम ब्रांच गंगापार एसआई मनोज सिंह, हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र प्रधान, हेड कांस्टेबल इंद्र प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल धनजंय राय, हेड कांस्टेबल राजकुमार राय, नवीन राय क्राइम ब्रांच सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## कोविड-19 के वैक्सीनेशन हेतु मण्डलायुक्त ने दिये निर्देश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सभागार में मण्डल स्तर पर कोविड-19 के वैक्सीनेशन की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को कोविड-19 वैक्सीनेशन की तैयारियों को व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्ययोजना के अनुसार वैक्सीनेशन की तैयारी को सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने तहसील लेबिल टॉस्क फोर्स एवं ब्लाक लेबल पर गठित टीमों को सशक्त बनाये जाने एवं उनके प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अनुश्रवण किये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने नोडल अधिकारियों को तहसील स्तर पर बैठक कर चेकलिस्ट के अनुसार तैयारियों का अनुश्रवण करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि वैक्सीनेशन के लिए निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार सभी तैयारियां पूर्ण रूप से सुनिश्चित रहें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वैक्सीनेशन का कार्य तीन फेज में किया जायेगा, जिसमें फर्स्ट फेज में हेल्थ केयर वर्करों का वैक्सीनेशन किया जायेगा। मण्डलायुक्त ने कोल्ड चेन ट्रांसपोर्टेशन तथा वैक्सीनेशन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाने एवं सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने वैक्सीनेशन से सम्बंधित सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि यह कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी- आशीष कुमार तथा मण्डल के अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारीगणों के साथ-साथ एडी हेल्थ तथा मुख्य चिकित्साधिकारी गणों के अलावा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते मण्डलायुक्त

### कोविड 19 वैक्सीनेशन के सम्बंध में नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मार्तण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मोती लाल नेहरू इस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी सभागार में कोविड 19 वैक्सीनेशन के सम्बंध में नोडल अधिकारियों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 आलोक एसएमओ डब्लूएचओ ने कोविड-19 के वैक्सीनेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ0 फिरोज आलम ने सेफ इंजेक्शकन प्रैक्टिस एवं बायो मेडिकल वेस्ट के बारे में लोगो को जानकारी दी। इसी तरह से श्री विनोद शुक्ला ने बीसीसीएम द्वारा कोविड-19 पोर्टल के बारे में जानकारी दी कि किस प्रकार से लाभार्थियों की इंट्री एवं तत्पश्चात सेशन का संचालन किया जायेगा। बैठक में यह भी बताया गया कि दिनांक 05.01.2021 को जनपद के तीन नगरीय एवं तीन ग्रामीण क्षेत्र में चिन्हित 6 वैक्सीनेशन स्थलों पर ड्राईरन का आयोजन किया जा रहा है, जिसके बारे में प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित समस्त को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सत्र के समाप्ति के समय कक्ष में उपस्थित सभी सामुदायिक केन्द्र के अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि अपने समस्त स्टाफ एवं सम्बंधित को इस सम्बंध में पुनः प्रशिक्षित कर दिया जाये, जिससे कि गाइड लाइन के अनुरुप वैक्सीनेशन का कार्य संपादित हो सके।

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य एवं पूर्वोत्तर रेलवे ने कार्यों की समीक्षा की

**महाप्रबंधक की पहली समीक्षा बैठक में ट्रेन संचालन में सुरक्षा, आधारभूत संरचना विकास, मानव संसाधन विकास और व्यय नियंत्रण प्रमुख विषय थे**

**प्रयागराज।** सोमवार को महाप्रबंधक उत्तर मध्य एवं पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे पर ट्रेन संचालन में सुरक्षा, आधारभूत संरचना विकास, मानव संसाधन विकास और व्यय नियंत्रण उपायों की समीक्षा की। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय सूबेदारगंज में महाप्रबंधक श्री त्रिपाठी की इस पहली समीक्षा बैठक में एनसीआर के प्रमुख विभागाध्यक्ष और प्रयागराज, झांसी और आगरा मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक शामिल हुए, जबकि अन्य अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। दिनांक 27.10.2020 से महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के पद पर कार्यरत श्री वी० के० त्रिपाठी ने दिनांक 01.01.2021 को उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के पद का अतिरिक्त भार संभाला। श्री त्रिपाठी को रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और विभिन्न जोनल रेलवे और रेलवे बोर्ड में महत्वपूर्ण सामान्य प्रशासन के पदों पर कार्य करने का तीन दशकों से अधिक का समृद्ध अनुभव है और 2014-2016 मध्य श्री त्रिपाठी ने मण्डल रेल प्रबंधकइलाहाबाद (अब प्रयागराज) के महत्वपूर्ण पद पर कार्य किया है। श्री त्रिपाठी ने जोर देकर कहा कि उत्तर मध्य रेलवे के लिए ट्रेन परिचालन में सुरक्षा पहली और प्रमुख प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे के रखरखाव और संचालन के लिए मानक प्रणालियाँ उपलब्ध हैं और संरक्षित रेल संचालन के लिए बिना किसी अपवाद के सभी स्तरों पर इनका अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने सुरक्षित और कुशल ट्रेन परिचालन के लिए पर्यवेक्षकों और अधिकारियों के लिए फील्ड में और तकनीकी निरीक्षणों की गुणवत्ता पर जोर दिया। श्री त्रिपाठी ने उत्तर मध्य रेलवे के ऊपर नई दिल्ली-हावड़ा और नई दिल्ली-मुंबई ट्रंक मार्गों पर 160 किमी प्रति घंटे की गति से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की।

## माघ मेला के कार्यों को तेजी से करें पूर्ण : डीएम


**प्रयागराज।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी सोमवार को आईसीसीसी सभागार में माघ मेला की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने पीडब्लूडी, जलनिगम, सिंचाई विभाग, गंगा प्रदूषण, विद्युत विभाग के अधिकारियों से माघ मेले की तैयारियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में समतलीकरण का कार्य तेजी से कराये। इसके अलावा पाण्टुन पुलों के निर्माण एवं मेला क्षेत्र में लगने वाले चकर्ड प्लेटों की वर्तमान स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पाण्टुन पुलों के निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा चकर्ड प्लेटों के बिछाने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मार्गों के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। माघ मेला क्षेत्र में बनने वाले शौचालय के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने शौचालय के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने माघ मेला क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं के लगने वाले टेण्टों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन संस्थाओं को अनुमति मिली है, केवल उन्ही के टेण्ट लगे। कहा कि टेण्ट लगाने का कार्य शीघ्र पूरा करा लिया जाये। जिलाधिकारी ने घाटों के निर्माण कार्यों के बारे में भी जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर प्रभारी मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

## स्वामी स्वरूपानंद को ज्योतिष पीठ की जमीन मिलने पर विवाद बढ़ा, स्वामी वासुदेवानंद पक्ष नाराज

**प्रयागराज।** लंबी खींचतान, आरोप-प्रत्यारोप के बीच माघ मेला प्रशासन ने ज्योतिष पीठ की जमीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को दिया है। स्वामी स्वरूपानंद को ज्योतिष के साथ द्वारिका पीठ की जमीन भी मिली है। इसके चलते विवाद पुनः गरमा गया है। ज्योतिष पीठ की जमीन पर दावा करने वाले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती का पक्ष प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध कर रहा है। वे इसे कोर्ट के आदेश की अवहेलना बताते हुए भूमि आवंटन नए सिरे से करने की मांग कर रहे हैं।



वहीं, स्वामी स्वरूपानंद के पक्ष ने प्रशासन की कार्रवाई को नियमानुसार बताया है।

शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती व स्वामी वासुदेवानंद खुद को ज्योतिष पीठ का पीठाधीश्वर बताते हैं। इसको लेकर दोनों धर्मगुरुओं के बीच सालों से मुकदमा चल रहा है। मौजूदा समय मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। माघ मेला क्षेत्र में शिविर लगाने के लिए दोनों पक्ष ने ज्योतिष पीठ की जमीन व सुविधा मांगी थी। हालांकि, मेला प्रशासन ने पिछले वर्ष आवंटन व पूर्व में कोर्ट के आदेशों का अनुपालन करते हुए स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को त्रिवेणी मार्ग पर ज्योतिष की जमीन आवंटित कर दिया।

इसकी जानकारी होने पर स्वामी वासुदेवानंद के प्रवक्ता ओंकारनाथ त्रिपाठी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्?होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में साफ लिखा है कि स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती कभी ज्योतिषपीठ पर पीठासीन नहीं हुए। स्वामी कृष्णबोधाश्रम को कभी पीठ नहीं मिली, क्योंकि उसमें स्वामी शांतानंद सरस्वती विराजमान थे। स्वामी स्वरूपानंद खुद को कृष्णबोधाश्रम से ज्योतिष पीठ पाने का दावा करते हैं। ऐसे में उनका दावा खारिज हो गया है। बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक नहीं लगाया, न ही उसे निरस्त किया है। ऐसे में स्वामी स्वरूपानंद को ज्योतिष पीठ की जमीन आवंटित करके शासन-प्रशासन ने कोर्ट के आदेश की अवमानना किया है। उन्?होंने कहा कि अभी स्वामी वासुदेवानंद बाहर हैं, उनके आने पर समस्त पहलुओं पर चर्चा करके कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती के मेला प्रभारी ब्रह्मचारी श्रीधरानंद ने प्रशासनिक कार्रवाई की सराहना किया है। कहा कि मेला प्रशासन ने निष्पक्ष व कानून सम्मत कार्रवाई की है। स्वामी वासुदेवानंद को अपनी गरिमा का ख्याल रखते हुए ज्योतिष पीठ पर अपना दावा नहीं करना चाहिए।

## बालू लादकर जा रहे ट्रक को रोकने पर ट्रक मालिक और प्रयागराज के एआरटीओ के बीच झड़प, लिखा गया केस

**प्रयागराज।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सौरहा मोड़ पर सोमवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई जब एक ट्रक मालिक और संभागीय प्रवर्तन अधिकारी के बीच झड़प के बाद गाली गलौज होने लगी। वहां भीड़ लग गई। इस बीच मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई। विभागीय अधिकारी से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वहीं ट्रक मालिक ने भी उक्त अधिकारी के खिलाफ अवैध वसूली एवं मारपीट करने की तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।



एआरटीओ (सहायक संभागीय प्रवर्तन अधिकारी) भूपेश कुमार गुप्ता के अनुसार सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सौरहा मोड़ पर जांच के दौरान ओवर लोड बालू लदे ट्रक को रोका तो पीछे से ट्रक मालिक सुरेश सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह एवं उनका पुत्र सोनू सिंह आकर विवाद करने लगे। सिपाही के साथ ट्रक कोतवाली लाना चाहा तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। इसी बीच कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिर दोनों पक्षों को कोतवाली ले जाया गया। एआरटीओ की तहरीर के आधार पर ट्रक मालिक और उसके बेटे के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

वहीं ट्रक मालिक ने एआरटीओ पर गंभीर आरोप लगाए। आरोप लगाया कि पैसों के चक्कर में यह कहासुनी हुई है। ट्रक मालिक ने कहा कि एआरटीओ ने अपने सिपाही के साथ मारपीट और गाली गलौज की। ट्रक मालिक ने भी उक्त अधिकारी के खिलाफ अवैध वसूली सहित मारपीट और गाली गलौज करने की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी फूलपुर राजकिशोर ने बताया कि लेनदेन का मामला है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। ट्रक मालिक और उसके लड़के के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। एआरटीओ पर लगे आरोप की भी जांच कराई जा रही है।

### प्रयागराज में धोखे से कराया महिला का निकाह, आरोपित गिरफ्तार

**प्रयागराज।** एक तलाशशुदा महिला का धोखे से निकाह कराने और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। खुल्दाबाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपित फिरोज अहमद को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मो. हदीस समेत कई अन्य अभी फरार हैं। पीड़िता शाहगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसका अपने शौहर से तलाक हो चुका है। पीड़िता का आरोप है कि वह अक्सर हिम्मतगंज स्थित मुनौव्वर शाह बाबा की मजार पर जाती थी। इसी दौरान फिरोज अहमद से परिचय हुआ। उसने एक लड़के से निकाह कराने की बात कही। फिर 15 अक्टूबर 2019 को छत्तीसगढ़ निवासी गुलाम मुनौव्वर नामक युवक से उसका निकाह करवा दिया। कुछ दिन बाद उसे पता चला कि गुलाम का असली नाम सदानंद पटेल है। गुलाम ने महिला को बताया था कि फिरोज अहमद, फूलपुर का मो. हदीस समेत कई अन्य ने बंधक बनाकर तीन माह तक अपने पास रखा। मारपीट करते हुए जबरन इस्लाम धर्म कुबूल करवाया।

## डॉ. एके बजाज और सरिता बजाज समेत 34 नए संक्रमित मरीज मिले

**प्रयागराज।** शहर के प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ एके बजाज और सरिता बजाज भी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। 24 घंटे में नए संक्रमित मिले 34 लोगों में ये डॉक्टर भी शामिल हैं। कोरोना वैक्सीन आने से पहले संक्रमण के बढ़ते इस मामले से स्वास्थ्य विभाग में हलचल है तो कोरोना गाइडलाइन के पालन के लिए लगातार जागरुकता संदेशों के बावजूद बड़ी हस्तियों का पॉजिटिव होना गंभीर विषय है। कोरोना संक्रमित एक मरीज की मौत भी हो गई है। कोविड-19 महामारी प्रयागराज में अब तक 379 लोगों की जान ले चुकी है। कोरोना का फैलता संक्रमण 'वर्दीइ पर भी लगातार हावी है। सीआरपीएफ के एक और कांस्टेबिल को कोरोना पॉजिटिव हो गया है। इससे पहले सीआरपीएफ, आरएएफ में तथा पुलिस और होमगार्ड के कई जवान एक सप्ताह में पॉजिटिव हो चुके हैं। डफरिन अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट, रेलवे के गार्ड, महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर स्कूल के शिक्षक को भी कोरोना हो गया है। कोरोना से होने वाली मौत का सिलसिला अब भी जारी है। प्रयागराज के कोविड अस्पतालों में अब तक 379 लोगों की मौत हो चुकी है, कई लोगों की जान तो लखनऊ, दिल्ली के अस्पतालों में इलाज कराते पहले ही हो चुकी है। जिले में अब तक कोरोना के 28542 लोग संक्रमित हो चुके हैं। अब तक 20833 लोग होम आइसोलेशन में रहते हुए पूरी तरह स्वस्थ हुए। जिले का स्वास्थ्य महकमा प्रत्येक दिन औसत 6000 लोगों की जांच करा रहा है। सोमवार को भी 6220 लोगों के सैंपल लिए गए।



## केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गंगा जल का लिया सैंपल

**प्रयागराज।** माघ मेले को लेकर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम सोमवार को प्रयागराज पहुंची। इसके बाद केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रयागराज की टीम ने कौड़िहार के कुरेसर घाट पर गंगा जल की सैंपलिंग की। उसे जांच के लिए दिल्ली भेजेंगे।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप विश्वकर्मा ने बताया कि वैज्ञानिक आरबी सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम कुरेसर घाट पहुंची। टीम ने यहां सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को टीम संगम, यमुना और बीहा घाट पर सैंपलिंग करेगी। इसके साथ ही एक दूसरी टीम शहर के नालों, सीवरेज और एसटीपी की निरीक्षण करेगी। खामियां मिलने पर टीम कार्रवाई करेगी।



माघ मेला क्षेत्र में जमीन आवंटन की प्रक्रिया सोमवार को भी चली। इस दिन प्रयागवाल को जीटी रोड और अन्य संस्थाओं को काली मार्ग पर जमीन का आवंटन किया गया। माघ मेला में जमीन आवंटन का काम 21 दिसंबर से चल रहा है। मेला क्षेत्र में अधिकतर जमीनों का आवंटन हो चुका है। सोमवार को जीटी रोड पर प्रयागवाल सभा की संस्थाओं को जमीन दी गई।

दिनभर चली आवंटन प्रक्रिया में करीब 60 तीर्थ पुरोहितों को करीब 70 बीघा जमीन का आवंटन कर दिया गया है। मंगलवार को सेक्टर एक व दो, परेड मैदान, शास्त्री गाटा, कबीर नगर, समुद्रकूप मार्ग और रामानुज मार्ग पर जमीन का आवंटन होगा।

## चिल्ड्रेन अस्पताल में डॉक्टर का पकड़ा कॉलर, हंगामा

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में स्थित सरोजनी नायडू चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में सोमवार दोपहर हंगामा हो गया। किसी बात को लेकर एक तीमारदार और डॉक्टर में विवाद हो गया। तीमारदार ने डॉक्टर का कॉलर पकड़ा तो हाथापाई हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। बाद में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

चिल्ड्रेन अस्पताल में तेलियरगंज के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने बच्चे को भर्ती किया है। सोमवार दोपहर अस्पताल के एक डॉक्टर से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। इसी बीच तीमारदार ने डॉक्टर का कॉलर पकड़ लिया तो दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। इसी बीच अस्पताल के अन्य डॉक्टर और कर्मचारी आ गए। यहां भर्ती मरीजों के स्वजन भी वहां पहुंचे। देखते-देखते हंगामा शुरू हो गया। सूचना पुलिस को मिली तो वह मौके पर पहुंची और बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। इंस्पेक्टर कर्नलगंज अवन कुमार दीक्षित का कहना है कि दोनों पक्षों ने तहरीर देकर एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। हालांकि, अभी किसी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, अस्पताल के प्रभारी डॉ. मुकेशवीर सिंह का कहना है कि हंगामा हुआ था। एक तीमारदार ने डॉक्टर का कॉलर पकड़ लिया था। डॉक्टरों ने अभी उनसे कोई शिकायत नहीं की है। चिल्ड्रेन अस्पताल की नर्स की स्कूटी तोड़कर उसे पिस्टल सटाने और तेजाब फेंकने की धमकी देने वाले दोनों आरोपितों की तलाश में पुलिस जुटी है। सोमवार को दोनों आरोपितों के ठिकानों के बारे में जानकारी ली गई। नर्स से भी पुलिस ने आरोपितों के बारे में पूछताछ की। इंस्पेक्टर कर्नलगंज का कहना है कि आरोपितों का पता लगाया जा रहा है और जल्द ही उनको गिरफ्तार किया जाएगा।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी

प्रयागराज मंगलवार, 5 जनवरी, 2021

## संक्षेप समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**इमामगंज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज के पास एक बाइक सवार को तेज गति ट्रक ने टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया है घायल बाइक सवार मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के देवखर पुर गांव निवासी बसंत लाल मौर्या बताए जाते हैं। सड़क हादसे में घायल बाइक सवार ने फोन के जरिए घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची है घायल को एंबुलेंस की मदद से पुलिस ने स्थानीय अस्पताल भेजा है।

### मनाया नववर्ष का जश्न

**भरवारी कौशांबी।** भरवारी कस्बे के मेहता रोड में राजू सक्सेना के घर पर विभिन्न राजनैतिक दल के लोग एकत्रित हुए और बाटी चोखा खा कर नववर्ष का जश्न मनाया। राजू सक्सेना ने बताया कि नव वर्ष के शुभागमन पर अपने घर पर बाटी चोखा के कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के विधानसभा सिराथू प्रत्याशी कैलाश केशरवानी चेयर मैन पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार व जनसत्ता दल के किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव बलवीर सिंह चौहान सपा के महबूब आलम सहित तमाम नेता के साथ कोखराज प्रभारी प्रदीप राय व पुलिस चौकी प्रभारी भरवारी राकेश राय तथा तमाम मित्र मंडली के साथ उपस्थित लोगों ने पार्टी का आनंद उठाया।

## एमएलसी का हुआ जोरदार स्वागत

### भरवारी कस्बे में समाजवादी नेताओं ने किया एमएलसी मान सिंह का जोरदार स्वागत


भरवारी नगर में स्वागत के दौरान पूर्व चेयरमैन कैलाश केसरवानी के साथ खड़े एमएलसी मानसिंह

**भरवारी कौशाम्बी।** एमएलसी चुनाव की जीत के बाद भरवारी कस्बा पहुंचे एमएलसी मान सिंह यादव का सपा नेताओं ने जोरदार तरीके से स्वागत किया है इस मौके पर एमएलसी मान सिंह यादव ने कहा कि कोरोना का टीका लगवाने को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मना किया है उस पर भाजपा के लोग घिनौनी हरकत करने पर उतारू हैं उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है और प्रदेश में अपराध अत्याचार भ्रष्टाचार चरम पर है उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में एमएलसी की सीट जीत कर उन्होंने जहां यज्ञदत्त शर्मा के चार चुनाव में जीत का रिकॉर्ड तोड़ा है वही यह चुनाव जीतकर उन्होंने भाजपा का घमंड तोड़ा है। नगर पालिका परिषद अन्तर्गत कस्बा भरवारी में समाज वादी के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी कैलाश केशरवानी गुलाम हुसैन पूर्व जिला महासचिव कौशाम्बी व पूर्व प्रदेश सचिव मेहबूब आलम उर्फ सज्जू ने ढोल तासा व आतिश बाजी कर मिष्ठान वितरण कर जोरदार तरीके से अपने नेता का स्वागत किया आपको बतादे की एम एल सी का चुनाव जीतने के बाद प्रथम आगमन पर भरवारी वासियो ने अपने नेता का जोरदार स्वागत फूल मालाओं से लाद कर किया। इस मौके पर सपा के पूर्व चेयरमैन व पूर्व विधानसभा प्रत्यासी सिराथू कैलाश केशरवानी गुलाम हुसैन पूर्व जिला महासचिव कौशाम्बी तथा पूर्व प्रदेश सचिव महबूब आलम उर्फ सज्जू तथा प्रेम नारायण केशरवानी शंकर लाल केशरवानी धारा सिंह यादव लवकुश मौर्या कामता प्रसाद विपिन चंचल अंकुर गुड्डू सभासद आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सपा कार्यालय में किया स्वागत

**कौशांबी।** समाजवादी पार्टी से एमएलसी का चुनाव जीते मान सिंह यादव का जिले में जगह जगह पर कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया है इसी क्रम में समाजवादी पार्टी कार्यालय जनपद मुख्यालय मंझनपुर में एमएलसी मान सिंह यादव का स्वागत जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव ने किया है इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है कार्यक्रम में तमाम समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता वक्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ठंड से बचाना ही हमारा उद्देश्य : योगेश मौर्या

**टेढ़ीमोड कौशाम्बी।** जनपद में पड़ रही जबरजस्त ठंड व गलन से लोग परेशान है । सबसे ज्यादा समस्या गरीब व निर्बल वर्ग के लोगों के सामने है दिन तो किसी तरह कट जाता है लेकिन सर्द भरी रातों को काटना उनके सामने मुश्किल होता है। ऐसे में उन्हें ठंड से राहत प्रदान करने हेतु शासन समाजसेवी व अन्य संगठनों के लोग क्षेत्र के गरीब व असहायों का बराबर सहयोग करने में लगे हुए है। रविवार को सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के पुत्र योगेश मौर्य ने सिराथू ब्लॉक में लगाये गए कार्यक्रम में गरीब, असहाय, विधवा, विकलांगो को ठंड से बचने के लिए कंबल व शाल का वितरण किया वितरण के दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा करना ही सच्ची सेवा है। ठंड से बचाना ही हमारा उद्देश्य है । इसके बाद उन्होंने इसी ब्लॉक के रमसहाईपुर के भानपुर का पुरवा व अफजलपुरवारी में कंबल व शाल का वितरण किया। कार्यक्रम में उनके साथ भाजपा जिलामंत्री जगदीश सरोज, दुर्गा प्रसाद मौर्य, तूफान सिंह, सूरज विश्वकर्मा, रिंकू मौर्य ,हीरालाल सरोज आदि उपस्थित रह।

## धूल फांक रही फाइलों का सीडीओ ने डीपीआरओ से मांगा लेखा–जोखा

**कौशांबी।** जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में आरोपों की पुष्टि होने के बाद वर्षों से बगैर कार्यवाही दर्जनों पत्रावली धूल फांक रही है इस मामले की जानकारी मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र जारी कर धूल फांक रही फाइलों का लेखा-जोखा मांग लिया है।

मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा पत्र जारी किए जाने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में हड़कंप का माहौल है वर्षों पुरानी फाइलों को विभाग ने फिर से खोजना शुरू कर दिया है मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पत्र को जारी किए हुए कई दिन बीत चुके हैं लेकिन उनके पत्र के बाद भी वर्षों पुरानी फाइलों को खोजने में विभाग के जिम्मेदार सफल नहीं हो सके हैं। गौरतलब है कि जिले में ढाई दर्जन ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार के आरोप पर जिला अधिकारी द्वारा जांच कराए जाने के बाद पंचायत के जिम्मेदारों पर भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई थी लेकिन ढाई दर्जन ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई थी और जांच अधिकारी द्वारा आरोप की पुष्टि किए जाने के बाद भी पत्रावली पर भ्रष्टाचार के आरोपी ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव पर वर्षों बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है ग्राम पंचायत को भेजी गई रकम में भ्रष्टाचार कर तिजोरी भरने वाले ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिवों पर आखिर कब डीपीआरओ कार्यालय कार्यवाही करेगा या फिर भ्रष्टाचार की फाइलें विभाग में इसी तरह धूल फांकती रहेंगी। मामले को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संज्ञान लिए जाने के कई दिन बाद भी पत्रावली पर कार्रवाई नहीं हो सकी है इस बारे में मुख्य विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन दिलाया है।

## ग्रामोथान संस्था द्वारा गरीबों को बांटा गया कम्बल


कंबल वितरण कार्यक्रम में चायल विधायक व भाजपा नेता जगदीश शिवहरे का स्वागत करते

**भरवारी कौशाम्बी।** चायल विधायक संजय गुप्ता द्वारा भरवारी कस्बे के गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को कंबल का वितरण किया गया है विधायक द्वारा बांटा गया कंबल ग्राम उत्थान संस्थान के निदेशक जगदीश शिवहरे द्वारा उपलब्ध कराया गया है संस्थान के सहयोग से विधायक द्वारा कंबल पाकर गरीबों ने दोनों के जयकारे लगाए हैं। नगर पालिका परिषद भरवारी में ग्रामोथान संस्थान के निदेशक जगदीश शिवहरे द्वारा गरीबो व निशाहय लोगो को कंबल वितरित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चायल संजय गुप्ता रहे संजय गुप्ता द्वारा कंबल बाटने को लेकर लोगो मे खुशी की लहर दौड़ गई विधायक द्वारा यह कंबल बाटने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में यशपाल केशरी राधाकृष्ण उर्फ मुन्ना शिवम शिवहरे कीर्ति शिवहरे बीरेंद्र गंगा प्रसाद केशरवानी उर्फ काले पूर्व चेयरमैन राम प्रकाश मिश्रा एडवोकेट सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### बाबा टीवीएस के मालिकानो ने वृद्धजनों को बांटा कंबल

कौशांबी गरीब मजदूर असहाय जरूरतमंद लोगों की मदद समय-समय पर भरवारी कस्बे के बाबा टीवीएस के मालिकान करते रहते हैं पहले भी कई बार जरूरतमंद लोगों की बाबा टीवीएस द्वारा मदद की जा चुकी है। इसी क्रम में वृद्धा आश्रम ओसा पहुंच कर बाबा टीवीएस के मालिक कपिल केसरवानी ने वृद्धजनों को कंबल वितरण किया है वृद्ध आश्रम में 42 वृद्धजन मौजूद थे सभी को कंबल और मिठाई वितरण किया गया है वैसे तो बाबा टीवीएस द्वारा लगातार कई दिन से कंबल रजाई गद्दा का वितरण किया जा रहा है इस मौके पर उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना ही पुनीत का कार्य है और बढ़ती ठंड के बीच गरम वस्त्र की कमी के चलते वृद्धजन ठंड में परेशान हो रहे हैं इसलिए वृद्धजनों को ठंड से बचाने के लिए बड़े भाई अमित केसरवानी के निर्देशन पर उन्होंने कंबल वितरण करने की ठान ली है उनके द्वारा तमाम अन्य लोगों को भी कंबल दिया गया है इस मौके पर वृद्धजन आश्रम संचालक आलोक राय डॉक्टर अरुण केसरवानी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


वृद्धजनों को कंबल वितरण करते बाबा टीवीएस के मालिकान

## कौशांबी बीडीओ के ठेंगे पर एसडीएम का आदेश

**कौशांबी।** भाजपा की सरकार में अधीनस्थ कर्मचारियों अधिकारियों की मनमानी बढ़ती जा रही है अपने आला अधिकारियों के आदेशों का पालन अधीनस्थ नहीं कर रहे हैं जिससे आम जनता परेशान प्रताड़ित हो रही है लेकिन इन बेलगाम अधिकारियों पर कौन अंकुश लगाएगा ताजा मामला कौशांबी विकासखंड का है।

जानकारी के मुताबिक कौशांबी विकासखंड के रक्सवारा ग्राम सभा के मजरा कटरा में गांव की गली के किनारे बनी नाली का पानी मुख्य सड़क से होकर बह जाता था लेकिन मुख्य सड़क पर पड़ने वाले खेत मालिक ने सड़क की पटरी और सड़क किनारे की कच्ची नाली को तोड़कर अपने खेत में मिला लिया है जिससे गांव के दर्जनों घर के पानी का बहाव बंद हो गया और गांव से बहने वाला गंदा पानी बीते कई महीने से गांव की गली में भरा हुआ है जिससे इस गली में निकलने वाले लोग दिक्कतों से गुजरते हैं और फिसल कर गिर भी जाते हैं। गांव की गली में कई महीने से नाली का गंदा पानी भरे होने की शिकायत करते हुए मामले के निस्तारण के लिए ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर से अवगत कराया जिस पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर ने खंड विकास अधिकारी कौशांबी को निर्देशित किया कि वह नाली के पानी के बहाव के रास्ते को शुरू करें लेकिन एसडीएम के आदेश को 15 दिन बीत चुके हैं और खंड विकास अधिकारी कौशाम्बी उप जिला अधिकारी मंझनपुर के उस आदेश का पालन कराने में रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सके हैं आखिर उप जिला अधिकारी के आदेश की अवहेलना करने की इतनी जुर्रत खंड विकास अधिकारी में कैसे आई यह लोगों के बीच चर्चा का विषय है।


मंझनपुर चौराहे के ओसा रोड पर गंदगी का दृश्य

### सफाई न होने पर गंदगी से जूझ रहा है मुख्यालय का ओसा रोड

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा नगर की सफाई करने के लिए लगाए गए सफाई कर्मियों द्वारा ठीक से नगर की सफाई नहीं की जाती है जिससे नगर के तमाम मोहल्ले सफाई से अछूते रह जाते हैं जिससे नगर की गलियां और सड़कें गंदगी से भरी रहती हैं इसी क्रम में जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड पर टेंपो स्टैंड के आसपास सफाई कर्मियों द्वारा सफाई नहीं किया जाता है एकत्रित कूड़े को भी सफाई कर्मियों द्वारा कई कई दिनों तक नहीं हटाया जाता है जिससे बस स्टॉप टेंपो अड्डे पर पहुंचने वाले सवारियों को भी गंदगी की दुर्गंध से जूझना पड़ता है कई बार लोगों ने सफाई कर्मियों से चौराहे के आसपास प्रतिदिन साफ सफाई करने की बात कही लेकिन आम जनता की बात मानने को सफाई कर्मी तैयार नहीं है जिससे जनपद मुख्यालय मंझनपुर के मुख्य चौराहे पर गंदगी का ढेर लगा है लोगों ने इस ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## आक्रोशित वकीलों ने किया प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** जिला मुख्यालय पर अधिवक्ता अंजनी सिंह के घर दो जनवरी की रात डकैती की घटना के विरोध में स्थानीय तहसील के अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। घटना के खुलासा की मांग की।दो जनवरी की रात सीनियर अधिवक्ता अंजनी सिंह के घर डकैती की घटना हुई थी। पुलिस की शिथिल कार्रवाई से आक्रोशित लालगंज के वकीलों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। तहसील से लेकर कोतवाली तक वकीलों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च किया। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। संयुक्त अधिवक्ता संघ एवं रूलर्स बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन के बाद वकीलों ने संयुक्त रूप से नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा को डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, संतोष पांडेय, सहजाद अंसारी, अबरार अहमद, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



अधिवक्ता अंजनी सिंह के घर डकैती की घटना पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

### दो दिन बाद भी नहीं चल सका अपराधियों का पता

**प्रतापगढ़।** शनिवार को लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज मे चाय विक्रेता लालबाबू 38 पुत्र मोकीम निवासी डीहमेहंदी को भोर मे अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारा गया था। जिसमें व्यापारी गंभीर रुप से घायल हो गया था। जिसका इलाज जिला अस्पताल मे किया था रहा था किन्तु सूत्रों के मुताबिक मिली जानकारी के अनुसार बीती रात मे हालत खराब होने पर उसे प्रयागराज रिफर कर दिया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि उनका किसी से भी कोई दुश्मनी नही थी बावजूद इसके उन्हे बदमाशों द्वारा गोली मारे जाने से हैरान हैं। भोर मे हुए गोली कान्ड मामले मे छानबीन कर रही लालगंज पुलिस के घटना के दो दिन बाद भी बदमाशों का पता नही चल सका है। हलांकि कोतवाल लालगंज संजय यादव का कहना है कि अभी तक बदमाशों का पता नही चल सका है किन्तु छानबीन जारी है।

## एडीएम ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** जिले के एडीएम ने सोमवार को धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। क्रय केंद्र पर किसानो द्वारा बेचे गये धान मे लगाई गई खतौनी का भी एडीएम ने गहन परीक्षण किया। एडीएम शत्रोहन वैश्य अचानक खानापटटी स्थित धान क्रय केंद्र पर आ धमके। एडीएम के पहुंचने पर डिप्टी आरएमओ अजीत प्रताप सिंह व तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव भी निरीक्षण मे मौजूद रहे। एडीएम ने क्रय केंद्र पर अब तक हुई खरीददारी का ब्यौरा तलब किया। किसानो के द्वारा क्रय के समय लगाई गई खतौनी का भी अपर जिलाधिकारी ने परीक्षण किया। सघन जांच के लिए एडीएम खतौनियां जिला मुख्यालय ले गये। इससे क्रय केंद्र पर हडकंप मच गया। एडीएम ने क्रय केंद्र प्रभारी को खरीद के बाबत किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतनें पर कठोर कार्रवाई की भी चेतावनी दी। डिप्टी आरएमओ अजीत प्रताप ने एडीएम को क्रय केंद्रो पर हुई खरीद का विवरण प्रस्तुत किया। एडीएम ने तहसीलदार को भी तहसील के अन्तर्गत आने वाले क्रय केन्द्रो मे जमा खतौनियो के परीक्षण के आदेश दिये।

## पशु तस्करी करने वाले गिरोह का पदार्फाश

### दस शातिर पशु तस्कर गिरफ्तार, अभियुक्तों के पास से डीसीएम स्कॉर्पियो, 21 राशि जिन्दा व चार मृत गोवंश बरामद

**प्रतापगढ़।** जनपद में पुलिस द्वारा गोतस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी के निर्देशन मे थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा अमरनाथ राय मय टीम व स्वाट टीम प्रतापगढ़ की संयुक्त टीम द्वारा आसपुर देवसरा के इब्राहिमपुर बैरियर के पास से कुल 10 अभियुक्तो को गिरप्तार कर उनके कब्जे से एक अदद डी.सी.एम (मिनी ट्रक) जिसमे कुल 25 राशि गौवंशीय पशु क्रूरतापूर्वक लादे गये थे व एक अदद स्कॉर्पियो जिसमे अभियुक्तगण बैठकर डी.सी.एम के पीछे-पीछे लोकेशन लेते हुए चल रहे थे, को बरामद किया गया। अभियुक्तगणो द्वारा इन गौवंशीय पशुओ को वध हेतु बिहार ले जाया जा रहा था। इस सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 02/21 धारा 419, 420, 467, 468, 471, 429 भादवि, 11 पशुक्रुरता अधिनियम, धारा 3/5/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व उ0प्र0 गोवध निवारण (संसोधन) अध्यादेश 2020 की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।गिरफ्तार अभियुक्तों में उस्मान पुत्र मो0जहीर नि0 पूरे देवजानी, कंधई, प्रतापगढ़, नवाब अली उर्फ झक्कड़ पुत्र मेहदी हसन निवासी बहरौली थाना लम्भुआ, सुल्तानपुर, मुस्तफा पुत्र मेहदी हसन, निवासी बहरौली, थाना लम्भुआ, सुल्तानपुर, चांद बाबू पुत्र शफीक अहमद, निवासी परसंडा, थाना पट्टी, प्रतापगढ़, मो0बदरुद्दीन पुत्र जान मोहम्मद, निवासी गोबरहा, थाना खुटहन, जौनपुर, लोई केवट पुत्र बहादुर विन्द, निवासी धिरौली नानकार,थाना खुटहन, जौनपुर, अमजद खान पुत्र जान मोहम्मद सोनहवा थाना चांदा, सुल्तानपुर, कन्हैयालाल पुत्र देवी प्रसाद निवासी बांगरकला थाना करौंदीकला, सुल्तानपुर, सत्य प्रकाश वर्मा पुत्र रामकरण वर्मा निवासी पूरे देवजानी, थाना कंधई, प्रतापगढ़ शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूंछ ताछ के दौरान बताया कि वह सभी पैसे के लिए क्षेत्र से गोवंश एकत्रित कर उसे बध करने हेतु बिहार,बंगाल ले जाते है।जिससे हम लोगों को अच्छा पैसा मिल जाता है जिसे हम लोग आपस में बांट लेते है।यही उनकी कमाई का जरिया है।जलालुद्दीन को अपना सरगना बताते हुए अभियुक्तों ने बताया कि उसकी अगुवाई में वह सभी पिछले कई वर्षों से पशु तस्करी करते चले आ रहे है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अमरनाथ राय, उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह, उ0निरीक्षक सुनील कुमार मिश्र,आरक्षी भीमराव, मनीष भारती, शशांक राय, शोभित, आलोक यादव, सुमित सिंह, माधवेश राय, आसपुर देवसरा तथा स्वाट टीम के मु0आ0 जाहिद खान,आरक्षी पंकज दूबे, प्रवीण कुमार,अरविंद दूबे, महेन्द्र व मु0आरक्षी चालक राजेन्द्र प्रसाद सिंह शामिल रहे। प्रभारी पॉलिसी अधीक्षक सुरेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है।

### जनरल स्टोर की दुकान में सेंधमारी

**प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने जनरल स्टोर की दुकान में सेंधमारी कर हजारों के लूटपाट की, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच व छानबीन की । जांच के पश्चात अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामला कंधई थाना क्षेत्र के आसलपुर बाजार का है। क्षेत्र के आसलपुर बाजार निवासी सतीश चंद्र बर्मा आसलपुर बाजार में जनरल स्टोर दुकान खोल रखा है। रोज की तरह दुकान बंद कर वह घर चला गया था। अज्ञात चोरों ने बीती रात दुकान के पीछे से सेंधमारी कर दुकान के अंदर रखा सारा सामान समेट लिया। दुकानदार का मानना है कि चोरों द्वारा हजारों के माल पर हाथ साफ किया गया है। चोरी की सूचना फौरन डायल 112 पुलिस को दी सूचना के पश्चात मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन करने के बाद पीड़ित द्वारा तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### आग में गृहस्थी के सामान समेत दो बकरियां जलीं

**प्रतापगढ़।** अलाव की चिंगारी से लगी आग में दो बकरियां जलकर मर गईं। वहीं, दो परिवारों की गृहस्थी का हजारों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। शोर सुनकर मौके पर जुटे आसपास के लोगों ने आग बुझाया। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रत्तीपुर के राजन निषाद व बांके निषाद परिवार के साथ छप्पर में रहकर गुजारा करते हैं। सोमवार दोपहर अलाव की चिंगारी से दोनों छप्परों में अचानक आग लग गई। शोर सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग की चपेट में आने से झुलस कर दो बकरियों की मौत हो गई। दोनों परिवारों की हजारों रुपये की गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया।

## गरीबों असहायों को पन्द्रह वर्षों से समाजसेवी बांट रहे कम्बल

**रानीगंज।** समाजसेवी पंकज मिश्रा द्वारा रानीगंज क्षेत्र के गरीबों को विगत 15 वर्षों से लगातार कम्बल वितरित किया जा रहा है। श्री मिश्रा विधानसभा क्षेत्र के वरहदा ग्राम सभा के स्वर्गीय शंकर प्रसाद मिश्रा के पुत्र हैं । बचपन से ही उनका रुझान समाज सेवा की ओर रहा। अपने व्यस्त जिंदगी मैं से समय निकालकर अपने जन्मभूमि की सेवा करने के लिए तत्पर रहने वाले मुंबई मैं अपने दम पर अपना साम्राज्य बनाने वाले और उत्तर भारतीयों के मुंबई के मसीहा वह एक ऐसी मिसाल है जो बिना स्वार्थ लगभग 15 सालों से समाज सेवा कर रहे हैं। गरीब असहाय और लाचार लोगों की सदा ही सेवा और सहयोग करते रहे है। हर साल कड़ाके की ठंड मैं हजारों हजारों लोगों को कंबल वितरण करते हैं ।इतना ही नहीं जो उनके पास फरियाद लेकर जाता है उसका वह भर्षक आर्थिक मदद भी करते हैं। करोना काल में भी विभिन्न प्रदेशों में फंसे हजारों लोगों को लोगों को उनके परिवार तक पहुंचाने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया।बाहर फंसे लोगों के घरों में राशन और सब्जियां भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करते रहे। पंकज मिश्रा और उनके कार्य कर्ता जरूरतमंदों के हर घरों के साथ विपत्ति काल में भी खड़े रहे। गरीबों के मसीहा के रूप में लाखों लोगों की दुआएं उनके साथ है।उनके सामाजिक कार्यों की चर्चा क्षेत्र में ही नहीं अपितु आस पास के जनपदों में भी होती रहती है। लॉकडाउन में फंसे लोगों मैं केवल अपने क्षेत्र के नहीं अपने जिले के अलावा भी कई जिलों के लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि रही। हर साल राम जानकी मंदिर के वार्षिक उत्सव पर मनाए जाने वाले कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक और बड़ी से बड़ी हस्तियां आती हैं ,और बड़ा भव्य कार्यक्रम का आयोजन होता है।


कार्यक्रम में समाजसेवी पंकज मिश्र

### कोरोना वैक्सीन के प्रबंधन पर हुआ मंथन, सतर्कता बरतें जाने के निर्देश

**प्रतापगढ़।** कोरोना वैक्सीन के प्रबंधन को लेकर सोमवार को सीएचसी सभागार मे मंथन किया गया। बैठक में कोरोना वैक्सीन को सुरक्षित रखे जाने के लिए कैमरे लगवा दिये गये हैं। इसके अलावा प्रथम चरण मे स्वास्थ्यकर्मियों व आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा पचास वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वैक्सीन के लिए चिन्हित किये जाने की कार्ययोजना पर मंत्रणा हुई। बीडीओ मुनौवर खान ने सतर्कता बरते जाने के निर्देश दिये। ईओ सुभाषचंद्र सिंह ने अभियान में स्वच्छता के प्रबंधन की जानकारियां दीं। बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुपम मिश्रा ने आंगनबाडी कार्यकत्रियो की अभियान मे भूमिका की कार्ययोजना प्रस्तुत की। अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने वैक्सीन को लेकर लोगों को जागृत किये जाने पर जोर दिया। संचालन स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आरती द्विवेदी ने किया।

## गरीबों की मदद से मिलता है पुण्य : मोती सिंह

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप उर्फ मोती सिंह ने पट्टी क्षेत्र के सेतापुर गांव में ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र चैरसिया द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना जाता है । सरकार गरीबों को ठंड से बचाव के लिए हर जरूरी इंतजाम कर रही है इसके लिए जगह-जगह रैन बसेरा की स्थापना, अलाव की व्यवस्था और कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है इसमें ग्राम स्तर पर प्रधानों एवं सामाजिक संगठन के लोगों का भी भरपूर सहयोग सरकार को मिल रहा है प्रदेश के मंत्री के हाथों गांव के ठाकुर प्रसाद दुबे भगवती प्रसाद दुबे नचका सिंह कमला देवी कलावती देवी आदि को जब कंबल मिला तो उनके चेहरे पर बरबस ही मुस्कान उभरी आई कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतिनिधि विनोद पांडे पंकज सिंह ,राजा सिंह रामाश्रय चैरसिया श्यामलाल बजरंगी मुन्ना राकेश सिंह राम शिरोमणि वर्मा देवनारायण वर्मा सहित भारी संख्या में ग्रामीण व क्षेत्र के लोग उपस्थित हुए।


कम्बल वितरित करते मोती सिंह

### विकासभवन पहुंचे ग्रामीण

**प्रतापगढ़।** भ्रष्टाचार के मामले में कार्यवाही की मांग करने सीडीओ के पास पहुंचे ग्रामीण।मंगरौरा ब्लाक के पूरब पट्टी नरहरपुर गांव से आये इंद्र बहादुर, लाल बहादुर, बृजेश सहित ग्रामीणों ने सोमवार को विकास भवन के गेट पर थाली बजाकर विरोध प्रकट किया। गांव में हुए विकासकार्य में धांधली की शिकायत के बाद भी आरोपियों पर कार्यवाही नही होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।